# स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी पर्व पर नगर निगम की व्यवस्थाएँ रहेंगी चाकचौबंद : महापौर

## नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर महापौर ने प्लानिंग के साथ कार्य करने दिये निर्देश

***शहर के सभी स्कूलों और मंदिरों के आस-पास विशेष सफाई व्यवस्था रखने और लाईट की अतिरिक्त व्यवस्था करने, पर्याप्त जल व्यवस्था, एवं सड़कों के पैंचवर्क करने के भी महापौर ने दिये निर्देश***

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** शहर में स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टी का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। संस्कारधानी के नागरिकों में देशभक्ति भाव के साथ-साथ अध्यात्मिक भाव भी इन त्यौहारों में दिखाई देती है। त्यौहारों को देखते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की और तैयारियों की जानकारी ली। महापौर श्री अन्नू के द्वारा निगम के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वर्तमान समय त्यौहारों का है, इसलिए शहर में साफ-सफाई व्यवस्था अतिउत्तम रखने की आवश्यकता है। इसके लिए उन्होंने माइक्रो प्लानिंग करके कार्य करने के निर्देश दिये। महापौर ने यह भी निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था के साथ-साथ लाईट की अतिरिक्त व्यवस्था करने, पर्याप्त जल व्यवस्था, एवं सड़कों के पैंचवर्क करने एवं निगम की अन्य व्यवस्थाएँ भी चाकचौबंद रहे, सभी अधिकारी अभी से



अपनी-अपनी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करें।

महापौर ने बैठक के दौरान स्वास्थ्य अमले को यह भी हिदायत दी कि त्यौहारों में कहीं पर भी कचरा दिखाई न दे। बाजार क्षेत्रों के साथ-साथ रहवासी क्षेत्रों के आस-पास भी उत्तम सफाई और लाईट की अतिरिक्त व्यवस्था करने, पर्याप्त जल व्यवस्था, एवं सड़कों के पैंचवर्क के कार्य किया जाये। बैठक के दौरान नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य श्रीमती रजनी कैलाश साहू, डॉ. सुभाष तिवारी, दामोदर सोनी, विवेकराम सोनकर, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, स्वास्थ्य विभाग के उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री अंकिता बर्मन और सहायक यंत्री तथा स्वच्छता सेल के सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

भारत सरकार एवं राज्य शासन के निर्देशों के परिपालन में नगर निगम द्वारा दिनांक 12 अगस्त 2025 को अपरान्ह 01:00 बजे से कल्चरल स्ट्रीट स्थित संस्कृति भवन से रसल चौक होते हुए नौदरा ब्रिज और नौदरा ब्रिज से नगर निगम मुख्यालय तक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया है। इसके पूर्व संस्कृति भवन में नगर निगम के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के लगभग 2400 कर्मचारियों के जीवन बीमा सुरक्षा गारंटी योजना एवं संविदा सफाई संरक्षकों को 9 हजार से 21 हजार वेतन करने के उपलक्ष्य में उनके साथ कजलियॉ और रक्षा बंधन का त्यौहार मनाने का आयोजन किया गया है। मंचीय कार्यक्रम के उपरांत तिरंगा रैली निकाली जायेगी।

# जेल में विशाल स्वास्थ्य शिविर

भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ जबलपुर महानगर द्वारा जबलपुर सेंट्रल जेल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज दिनांक 11 अगस्त को किया गया, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अश्वनी कुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर में 10 अलग-अलग विधाओं के डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं देकर उपस्थित सभी बिंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां वितरित की गई विशेष रूप से पोर्टेबल डेंटल यूनिट के माध्यम से दांतों में फीलिंग व सफाई ,व दाँत निकले गए 412 बंदियों के स्वस्थ परीक्षण हुआ। स्वास्थ्य शिविर में मुख्य रूप से जेल अधीक्षक श्री अखिलेश तोमर व उप जेल अधीक्षक कमलेश मदन का विशेष योग रहा।




ट्ठस्वास्थ्य सेवा में उपस्थित चिकित्सा डॉ विवेक जैन, डॉ हर्ष रेड्डी, डॉ नुरी खान, डॉ अंजलि खंडेलवाल, डॉ नीलांजना सिंघई,डॉ आशिमा शर्मा, डॉ रोहित चौरसिया, डॉ सचिन बुधौलिया,डॉ श्रीकांत साहू, डॉ अमरेश पांडे, डॉ आशुतोष पाठक, डॉ शबनम साकेत, डॉ मेघा रैवकवार, नेत्र रोग विशेषज्ञ सेंटर फॉर आईसाइट की टीम, डॉ आशीष वर्मा, आदि चिकित्सकों व सहायक प्रमोद गोल्हानी, करण बर्मन, जमुना यादव, ताहिर खान एवं रामू ने अपनी सेवाएँ दीं। अखिल भारतवर्ष दिगंबर जैन महिला परिषद गोल बाजार शाखा से उपस्थित महिलाओं ने परिषद की तरफ से स्वास्थ्य शिविर मैं उपस्थित सभी चिकित्सकों का का स्वागत किया। महिला परिषद से संभागीय अध्यक्ष श्रीमती सविता जैन अध्यक्ष श्रीमती प्राची जैन मोना जैन, निधि जैन रश्मि पारस शैलजा जैन संगीता सिंघाई प्रियंका जैन सोनम जैन इंदिरा जैन उपस्थित थे

# पश्चिम मध्य रेलवे ने चार माह में 2951 करोड़ रूपये से अधिक ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया

**गत वर्ष की तुलना में ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू में 6 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई**

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के द्वारा विभिन्न बैठकों में समय-समय पर पश्चिम मध्य रेलवे की ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू बढ़ाने के निर्देश दिए जाते हैं। इसी कड़ी में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक के निर्देशन में वाणिज्य/परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कार्य करते हुए जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों में रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास भी किये जा रहे हैं। जिसके चलते चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से जुलाई तक पश्चिम मध्य रेल ने कुल रुपये 2951 करोड़ 13 लाख का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया, जो गत वर्ष इसी अवधि की तुलना में 2778 करोड़ 05 लाख ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है। यह ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू 6.23 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता है।

ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू पर मद वाइस आय पर नजर डालें तो यात्री यातायात से रुपये 843 करोड़ 34 लाख, माल यातायात से रुपये 1953 करोड़ 07 लाख, अन्य कोचिंग मद में रुपये 60 करोड़ 55 लाख एवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 94 करोड 17 लाख का रेलवे राजस्व प्राप्त किया है।

यात्री यातायात के लिए पमरे द्वारा निम्नलिखित प्रयास किये जा रहे हैं:-

स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा हैं।

पमरे से चलने वाली स्पेशल ट्रेनों की संचालन अवधि को विस्तारित कर चलाया जा रहा हैं।

यात्री ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची को क्लीयर करने के लिए अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं।

पश्चिम मध्य रेल में मिलने वाले प्रायोगिक ठहराव की अवधि यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बढ़ाया जा रहा हैं।

अधोसरंचना कार्यों में गति प्रदान कर यात्री ट्रेनों की गति में वृद्धि की गई साथ ही समयपालन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

यात्रियों के लिए रेल यात्रा को सुरक्षित और बेहतर बनाया गया।

**माल यातायात के लिए पमरे द्वारा निम्नलिखित प्रयास किये जा रहे हैं:-**

माल गोदामों में राउण्ड द क्लॉक यानि चौबीस घंटे लोडिंग एवं अनलोडिंग सेवाएँ शुरू की गई ।

नए माल गोदामों को विकसित करके उन्नयन कार्य किया जा रहा है।

गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल/ साइडिंग को बढ़ाने का निरंतर प्रयास किये जा रहे है।

मालगाड़ियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी बढ़ाया। साथ ही साथ ऑपरेशनल सुधार भी किए गए।

गुड्स टर्मिनल की वर्किंग में सुधार एवं मालगाड़ियों के डिटेंशन को कम किया गया। इससे मालगाड़ियों के संचालन में तेजी आई और माल ढुलाई में वृद्धि हुई।

नई रेल लाइन/दोहरीकरण/तिहरीकरण जैसे अधोसरंचना कार्यों में गति प्रदान की जा रही है।

अन्य कोचिंग एवं विविध आय यानि संड्री रेवेन्यू के लिए पमरे द्वारा निम्नलिखित प्रयास किये जा रहे हैं:-

गैर किराया राजस्व (नॉन फेयर रेवेन्यू) में वृद्धि के लिए नवाचारों और नविन अवधारणाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। कैटरिंग, पार्किंग, वन स्टेशन वन प्रोडक्ट, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र एवं एनएफआर सम्बंधित कई अनुबंध किये जा रहे है।

## विद्युत कंपनियों के मुख्यालय शक्तिःभवन में स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह और गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के तत्वावधान में विद्युत कंपनियों के मुख्यालय शक्तःिभवन में स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं वर्षगांठ उत्साह और गरिमामय ढंग से मनाई जाएगी। इस बात का निर्णय आज पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में पावर मैनेजमेंट कंपनी, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी व मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के विद्युत परिवार द्वारा आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा निर्धारित की गई। मुख्य महाप्रबंधक श्री राजीव गुप्ता ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शक्तिभवन में आकर्षक रोशनी की जाएगी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुरक्षा विभाग के सुरक्षा सैनिक आकर्षक परेड और बैंड दल देशभक्ति गीतों की धुन प्रस्तुत करेंगे। प्रदेश की विद्युत कंपनियों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्युत अभःियंताओं व कार्मःिकों को पुरस्कृत किया जाएगा। न्यनूतम विद्युत दुर्घटना के लिए प्रदेश के विद्युत सर्कःिल कार्यालय को चलित शील्ड प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर वःिभःिन्न खेलों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान अर्जित करने वाले क्षेत्र व विद्युत गृह को शील्ड प्रदान की जाएगी। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के बाल कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। स्वतंत्रता दिवस आयोजन समिति की बैठक में पावर मैनेजमेंट कंपनी के उप महाप्रबंधक प्रशासन आलोक श्रीवास्तव, प्रबंधक मानव संसाधन अंकुर चौरसिया, कार्यपालन अभःियंता सःिविल शक्तःिभवन काम्पलेक्स मिलिन्द चौधरी, सुरक्षा अधःिकारी आरएन यादव, कार्यपालन अभःियंता कम्युनिकेशन दीपक कुमार पटेल व राकेश सोनी और विद्युत मेंटेनेंस के कनिष्ठ अभःियंता पंकज अग्रवाल व पार्थव बोस उपस्थिःत थे।

# जीवन में आनंद की चाह होना स्वाभाविक है : अखिलेश्वरानंद गिरि

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** जीवन में आनंद की चाह होना स्वाभाविक है,मनुष्य की सबसे बड़ी भूल यही होती है-वह आनंद को खोजता है-देश-काल-परिस्थिति में और व्यक्ति-वस्तु -पदार्थों में अखिलेश्वरानंद गिरि

महाराष्ट्रियन समाज की बहिनों द्वारा (महारानी लक्ष्मीबाई भजन मण्डल के सौजन्य से)आज सोमवार को समन्वय सेवा केन्द्र में विराजित श्री अमृतेश्वर महादेवके पूजन/अभिषेक उपरान्त महामण्डलेश्वर स्वामी श्री अखिलेश्वरानंद गिरि ने अपने आध्यात्मिक विचार अभिव्यक्त करते हुये सुख और आनंद इन दो शब्दों के भाव का निरूपण शाब्दिक दृष्टि से किया और कहा कि-हम आप सुख और आनंद को एक ही मान लेते हैं जबकि सुख परिस्थिति जन्य भावों की अभिव्यक्ति होता है वह अक्षय आनंद का स्थान कभी नहीं ले सकता। ईश्वर के अनुग्रह से हमें आपको मानव तन मिला है।मानव देह तोदेवदुर्लभयोनि है। सनातन ग्रन्थ इस सत्य को समवेत स्वर से स्वीकारते हैं-श्रीरामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी श्री तुलसीदास जी कागभुशुण्डि जी के मुख से पक्षिराज गरुड़ जी को सम्बोधित करते हुये कहलवाते हैं-

नर समान नहिं कवनिहुं देही<br>
जीवन चराचर जाचत तेही<br>
कबहुं कि करि करुणा नर देही<br>
देत ईश बिनु हेतु सनेही(इसलिए कि)<br>
साधन धाम मोक्ष करि द्वारा<br>
पाय न जेहिं परलोक सम्हारा।इतना ही नहीं<br>
गोस्वामी जी आगे लिखते हैं-<br>
जो न तरै भव सागर नर समाज अस पाय।<br>
सो कृत निंदक मंदमति आत्माहन गति जाय।<br>
अतः

मनुष्य देह पाकर इस जीवन में आनंद की चाह होना स्वाभाविक है। सुख और आनंद ये दो शब्द ऐसे हैं जिनको समझें बिना हम मनुष्य अपने जीवन में सुखानुभूति को ही आनन्दानुभूति मान लेते हैं,सुख तो ऊपरी स्तर का होता है जो देह(शरीर)-इंद्रियों से मिल सकता है किन्तु आनंद तो जीव का वास्तविक स्वरूप है। मनुष्य जीवन प्राप्त कर आनंद के स्रोत की खोज होना चाहिए न कि



-सुख के केन्द्रों की। देह इंद्रिय जन्य सुख देश,काल, परिस्थिति,वस्तु, व्यक्ति और पदार्थो से मिलते वाला सुख, आनंद का आभास मात्र है वह वास्तविक आनंद नहीं है-भ्रम वश हम सुख को आनंद मान लेते हैं यही हमारी भूल है।विचार करें आज देश,काल, परिस्थिति, व्यक्ति, वस्तु ,पदार्थ सब हमें प्रारब्धवश मिल गये हैं,ये सब हमारे प्रयत्न से भी मिल सकते हैं परन्तु क्या इन सभी में स्थायित्व है? काल समाप्त,देश समाप्त,वस्तु समाप्त, परिस्थिति समाप्त, व्यक्ति समाप्त,वस्तु समाप्त,पदार्थ का अभाव तो इनसे मिलने वाला सुख भी समाप्त।आनंद जीव का स्वरूप है वह स्थायी है। जीव नित्य है क्योंकि वह ईश्वर का अंश है जो गुण,धर्म ईश्वर के हैं वहीं गुण धर्म तो जीव के भी हैं।

ईश्वर अंश जीव अविनाशी<br>
चेतन अमल सहज सुख राशी

ईश्वर कोसच्चिदानंदकहा गया है संतों के मुख से हमने अनेकों बार श्रवण किया है।

सच्चिदानंद रूपाय विश्वोत्पत्यादि हेतवे<br>
ताप त्रय विनाशाय श्री कृष्णाय वयं नुमः अतः जीव का स्वरूप भी सत् चित् और आनंद है-अंशांशी भाव से।

**अस्तु-**

मानव को सुख और आनंद के भाव को गहराई से समझने का प्रयत्न करना चाहिए। सत्संग के माध्यम से/संतों के सान्निध्य से यह हमें सरलता और सुगमता से समझने में सुलभ होता है।

# औषधि वाटिका विकास हेतु एम.पी. ट्रांसको में पौधारोपण

जबलपुर। मध्यप्रदेश शासन के बिजली कंपनियों में चल रहे पौधारोपण अभियान के अंतर्गत, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के नयागांव परिसर में औषधीय पौधारोपण किया गया। मुख्य अभियंता श्री राजेश द्विवेदी की पहल पर, इस अभियान का लक्ष्य एक औषधि वाटिका विकसित करना है।



पहले चरण में मुख्य वित्तीय अधिकारी श्री मुकुल मेहरोत्रा सहित विभिन्न अधिकारियों ने त्रिफला चूर्ण निर्माण में प्रयुक्त आंवला, बहेड़ा और हरेड़ जैसे औषधीय पौधे रोपे। इस अवसर पर सभी अधिकारियों ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण की शपथ ली। पूरे राज्य में चलेगा अभियान

मुख्य अभियंता श्री राजेश द्विवेदी ने बताया कि आगामी चरणों में अन्य औषधीय प्रजातियों का भी रोपण किया जाएगा। ऊर्जा विभाग द्वारा दिए गए पौधारोपण लक्ष्य की पूर्ति के लिए, जबलपुर मुख्यालय सहित प्रदेश भर में एम.पी. ट्रांसको के सभी कार्यालयों, सबस्टेशनों और ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस मुख्यालयों में चरणबद्ध तरीके से यह अभियान संचालित होगा। पौधारोपण कार्यक्रम में प्रबंध संचालक सुनील तिवारी, मुख्य अभियंता संदीप गायकवाड़, दिनेश शाक्यवार, अतिरिक्त मुख्य अभियंता आर.एस. पांडे, सुरेन्द्र सोलंकी, राजेश श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# संस्कारधानी समरसता कजलियां महोत्सव में दिखी सनातन की शक्ति

## देव सरोवर हनुमानताल बना साक्षी,समरसता सेवा संगठन के आयोजन ने फिर रचा इतिहास

**जबलपुर।** समरसता सेवा संगठन के आयोजनों में सनातन की जो शक्ति नजर आती है, वो अद्भुत है। संहिष्णुता, एकता और भारतीयता के लिहाज से ये बहुत बड़ी सेवा और सफलता है, तदाशय के भाव-उद्गार संस्कारधानी में सामाजिक समरसता संगठन की संयोजना में वृहद रूप से मनाए गए 'कजलियां महा मिलन महोत्सव' में पधारे पूज्य संत वृंतो ने व्यक्त किए। पूज्य संतों ने कहा कि समरसता भारतीय संस्कृति की आत्मा है। समरसता के बगैर भारतीय समाज निष्प्राण है। समरसता सेवा संगठन ने समाज में समरसता के प्राण फूंक रहा है।

उल्लेखनीय है कि समरसता सेवा संगठन द्वारा सर्व समाज कि सहभागिता से समरसता कि भावना को जागृत करने वाले पर्व क़ज़ालिया को तीसरे वर्ष हनुमानताल में संस्कारधानी समरसता कजलिया महोत्सव के रूप में मनाया गया। संगठन के अध्यक्ष श्री संदीप जैन के आहवान पर जबलपुर के सभी समाजो ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और सहभागिता दी। इस अवसर पर उपस्थित सर्व प्रथम एक दूसरे को कजलिया देकर संतो का मिलन हुआ उसके उपरांत मंच पर लगातार लाइन लगाकर उपस्थित जनसमुदाय ने संतो से कजलिया लेते हुए आशीर्वाद लिया।

कजलियां महोत्सव मेला के पारंपरिक स्थल हनुमानताल में आयोजित इस भव्य-दिव्य एवं गरिमामय समारोह को संतों-महंतों सहित प्रबुद्धजनों ने शुभकामनाएं दीं। सभी समाज के आगंतुक विद्वत जनों ने कहा कि हमारे त्यौहार समरसता और सद्भावना के प्रतीक हैं। इन पर्वो के आयोजन पर सभी जाति, वर्ग और समाज के लोग आपस में जुड़कर आपसी एकता का संचार करते हैं। कजलियां महापर्व भी इसी परंपरा से ओतप्रोत है।

### जबलपुर ने रच दिया इतिहास

इस अवसर पर उपस्थित पूज्य संतो, राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षणिक, औद्योगिक क्षेत्र के प्रबुद्धों ने माना कि भारत के केंद्र जबलपुर में रचे गये समरसता इतिहास के प्रकम्पन पूरे देश में फैलेंगे। कजलियां-होली जैसे समरसता में डूबे पर्वो को समरसता सेवा संगठन ने जिस तरह से पुर्नजीवित कर इनकी पवित्रता की सामाजिक याद दिलाई है, वो अद्भुत है। और, इसके लिए समरसता सेवा संगठन की संयोजन टीम बधाई की पात्र है। कहा गया कि ये त्यौहार आपसी मेलजोल की भावना को बढ़ाते हैं और आपसी सद्भाव एवं समरसता के प्रति आदर रखने की भावना को प्रबल करते हैं। ऐसे आयोजनों से समाज के लोगों में प्रेम, उल्लास और आनन्द का संचार होता है।

### प्रज्वलित हो रहा समरसता का संदीप

वक्ताओं ने कहा कि कजलियों के आयोजन ने समाज में समरसता का संदीप रोशन किया है। ये रोशनी आज समाज की मांग है। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन 'गुड्डा' ने संतों के साथ कन्याओं का भी पूजन किया। इस मौके पर निबंध, मेंहदी सहित अन्य प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। स्वागत उद्बोधन में जैन ने कहा कि इस रूप में जो कजलियां




मिलन दिख रहा है, उसमें सर्व समाज और जाति के लोगों का सहयोग है। ये सहयोग बताता है कि समरसता के प्रति किस तरह से जन जागरण को सफलता मिल रही है। उन्होंने सभी का स्वागत करते हुए आगंतुकों का आभार भी जताया।

### कई संगठनों की सहभागिता

संस्कारधानी के इतिहास में पहली बार इतने बड़े स्तर पर मनाए गए कजलियां महा महोत्सव में संस्कारधानी के सैकड़ों सामाजिक संगठनों सहित कई व्यापारिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक संस्थाओं की सहभागिता रही। आयोजन में शामिल संगठनों के प्रतिनिधियों ने सामाजिक समरसता संगठन के ही नागपंचमी आयोजन में वितरित कजलियां पात्र में बोई गई कजलीयां लेकर उपस्थित हुए। जिनकी पूजन के उपरांत सभी ने एक दूसरे को कजलियों का आदान-प्रदान कर शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### किन्नर समाज जुलुस के साथ हुआ शामिल

समरसता सेवा संगठन के एतेहासिक आयोजन में किन्नर समाज जबलपुर हीरा गुरु की अगुवाई में जुलुस के साथ सम्मिलित हुआ। इस अवसर पर शामिल किन्नर गुरुओ ने संस्कारधानी कजलिया महोत्सव के लिए संगठन को बधाई देते हुए संस्कारधानी वासियो के सुख समृद्धि की कामना करते हुए स्वछता बनाये रखने, बुजुर्गो की सेवा करने और सद्भाव और समरस होकर रहने की कामना की।

### पारम्परिक गीतों ने बंधा समा

समारोह का श्रीगणेश मां नर्मदा पूजन कर दीप प्रज्जवल से किया गया। वेद मंत्रोच्चार के बीच कजलियां पूजन की गई। इसके बाद संतों का पूजन-अर्चन किया गया। समारोह में मां नर्मदा अष्टक और स्वस्ति वाचन की समवेत प्रस्तुति, नर्मदा जी पर आधारित नृत्य नाटिका, कजरी, आल्हा, लोकगीत गायन सहित पारंपरिक नृत्य की मोनमोहनी प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर बुंदेलखंड के सुपरहिट लोकगीत गायक जित्तू खरे, प्रसिद्ध गायक मनीष अग्रवाल मोनी, मिठाईलाल चक्रवर्ती, रवि शुक्ला, नरेन्द्र राज, सविता मिश्रा, इंदु मिश्रा ने समां बांध दिया।

कजलियां महा महोत्सव में पारंपरिक स्वादिष्ट और जायकेदार खान-पान में भी सामाजिक सहभागिता रही, जिसमे जैन समाज द्वारा गुड़ की जलेबी और मोटे सेव, राजपूत समाज द्वारा , पंजाबी समाज एवं अग्रवाल समाज द्वारा पूड़ी सब्जी, सिंधी समाज द्वारा कढ़ी चावल, स्वर्णकार समाज द्वारा स्वीर कॉर्न, राजपूत सभा द्वारा जगन्नाथ का भात, चौरसिया समाज द्वारा मुखवास पान, अखिल भारतीय कायस्थ सभा द्वारा पानी बड़ा, बारी समाज द्वारा चना जोर गरम, मांझी समाज द्वारा चना जोर, सोनकर समाज द्वारा खिचड़ी युवा रजक समाज द्वारा ठंडा जल का जायका आयोजन स्थल उपलब्ध कराया गया।

### बच्चों-महिलाओं की प्रतियोगिता

इस अवसर पर बच्चों और महिलाओं के लिए प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जैन ने बताया कि दो वर्गों के छात्रों के लिए निर्धारित शब्दों में लिखकर लाए गए निबंध कार्यक्रम स्थल पर जमा किए गए। वहीं महिलाओं एवं बच्चों के लिए विविध वेषभूषा, हस्त निर्मित राखी सृजन, पूजा थाली सजावट की प्रतियोगिता रखी गई। सभी प्रतिभागियों की प्रतियोगिता परिणाम पर प्रस्तुति के आधार पर चयन समिति विचार करेगी। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि उक्त दोनों प्रतियोगिताओं के 10-10 चयनित प्रतिभागियों को आगामी कार्यक्रम पर नगद पुरस्कृत किया जाएगा।



### चाइल्ड जोन का बाल आनंद

इस अनूठे 'कजलियां मिलन महोत्सव' में बच्चे-बड़े, महिला-पुरुष सबकी सहभागिता रही। आयोजन संस्कारधानी की शास्वत एवं गौरवशाली परंपरा के अनुरूप हुआ। आयोजन स्थल पर बच्चों के लिए बने 'चाइल्ड जोन' की संयोजना में भगवत स्वरूप बाल आनंद की छटा देखते ही बन रही थी। बच्चों के पसंदीदा झूलों ने उन्हें खूब आकषित किया तो वहीं पारंपरिक जायकेदार व्यंजनों की खुशबू बड़ों को लुभाती रही।

### संतों एवं प्रबुद्धजनों ने दी शुभकामनाएं

कजलियां महा महोत्सव में पूज्य स्वामी सुखानन्द द्वाराचार्य स्वामी राघवदेवाचार्य जी, नृसिंह पीठाधीश्वर जगद्गुरु डॉ. नरसिंहदेवाचार्य जी, स्वामी गिरीशानंद जी साकेतधाम, स्वामी अखिलेश्वरानंद जी, स्वामी राधे चैतन्य जी, जगद्गुरु बालगोविन्दाचार्य जी, स्वामी पगलानंद जी, स्वामी अशोकानंद जी, साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी जी,महंत कालीनन्द जी, महंत राजेश्वरआनन्द जी, स्वामी चंद्रशेखरानन्द जी, पं वासुदेव शास्त्री, पं रोहित दुबे, पं देवेंद्र त्रिपाठी, पं अमन बाजपेई, पं आशुतोष दीक्षित, सहित अनेक संतवृंद महंत ने उपस्थित होकर अपने श्रद्धा शब्द सुमन से आशीर्वाचान किए। वहीं सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर अन्नू, विधायक सुशील तिवारी इंदू, नीरज सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, कृषि विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. पी के मिश्रा, वरिष्ठ नेता प्रभात साहू, विनोद गोंटिया, लेखराज सिंह मुन्ना, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, रविकिरण साहू, पूर्व मंत्री शरद जैन, अंचल सोनकर, नीलेश अवस्थी, धीरज पटेरिया, डॉ जितेंद्र जामदार, डॉ अखिलेश गुमस्ता डॉ पवन स्थापक, उपमहाधिवक्ता विवेक शर्मा, डॉ वाणी अहलुवालिया, कैलाश अग्रवाल बब्बा, कैलाशचंद्र जैन, राममूर्ति मिश्रा, एड सुधीर नायक, कमलेश अग्रवाल, सहित कई गणमान्य जनों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के समापन पर समरसता सेवा संगठन के सचिव उज्जवल पचौरी ने संस्कारधानी समरसता कजलिया महोत्सव के तृतीय आयोजन में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग और सहभागिता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इनकी रही उपस्थिति-कार्यक्रम में श्री सनत जैन, कैलाश अग्रवाल बब्बा, कैलाशचंद्र जैन, कांग्रेस नेता दिनेश यादव, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, मुकेश राठौर, शरद चंद्र पालन, तारु खत्री, सुरेश सराफ, सीताराम सेन, संदीप विजन शरद काबरा, सुरेश भगचंदनी, जिला बार अध्यक्ष एड मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, तारु खत्री, राजेश अग्रवाल गुड्डु, जगदीश चोहटल, अशोक नामदेव, मनप्रीत सिंह आनंद, प्रमोद पंडा, राधेश्याम साहू, मनोहर चौकसे, रामबाबू विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा, अनिल बारी, राजकुमार रजक, विवेक रजक, नितिन भाटिया, लेखराज सोनकर, सुधीर अग्रवाल, राजेश ठाकुर, दीपक कौसिक, प्रकाश चौरसिया, प्रनीत वर्मा, सुनील श्रीवास्तव, सहेन्द्र श्रीवास्तव, अनिल जैन, मोहन कश्यप सुजीत सोंधिया, गणेश सोंधिया, पूर्व पार्षद कविता रैकवार, पार्षद वर्षा सेन राममूर्ति मिश्रा, अरविन्द पाठक, एड सुधीर नायक, प्रवेश खेड़ा, कमलेश अग्रवाल, अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, देवश्वरी मोदी, सुधा तिवारी, मीना दुबे, कृष्णा यादव, श्वेता सिंह , सारिका सेठ , सुधा तिवारी, दीपमाला सोनकर , रितु चौरसिया , प्रीति ताम्रकार, प्रीति गुप्ता ,आभा जैन , दीपा खरया, सरिता गुप्ता, डॉ गीता पाण्डेय, कविता त्रिपाठी , मंजू तिवारी , डॉ कल्पना मिश्रा, नीतू दुबे , श्वेता पाण्डेय , गीता गुरु , डॉ कंचन ढींगरा, कुसुम चौबे , कीर्ति किशोर ने शामिल होकर सहभागिता की।

# केयर रैंकिंग 2025 में देश के शीर्ष स्टेट प्राइवेट विश्वविद्यालयों में 19वां स्थान



सतना, मध्यप्रदेश 7 11 अगस्त 2025। सोमवार। मध्यप्रदेश के लिए यह गर्व का क्षण है कि एकेएस विश्वविद्यालय, सतना ने आउटलुक केयर इंडिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए देश के शीर्ष स्टेट प्राइवेट विश्वविद्यालयों में 19वां स्थान हासिल किया है। यह सम्मान केवल प्रतिष्ठा का प्रतीक नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध, छात्र विकास और सामाजिक योगदान का परिणाम है। रैंकिंग और सम्मान के प्रमुख मापदंडों में किसी भी विश्वविद्यालय को स्थान देने के लिए कई कठोर और पारदर्शी मानदंड अपनाए जाते हैं । एकेएस विश्वविद्यालय में शैक्षणिक उत्कृष्टता में
उच्च योग्यता एवं अनुभव वाले फैकल्टी सदस्य स्टूडेंट के साथ शैक्षणिक उच्च मापदंडों पर कार्य करते हैं। उद्योग-केंद्रित,अद्यतन और परिणामोन्मुख पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय की अलग पहचान है। शोध एवं नवाचार ,राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में शोध पत्रों का प्रकाशन हुआ है। पेटेंट, स्टार्टअप, और नवाचार परियोजनाओं में सक्रिय योगदान के साथ छात्र विकास एवं प्लेसमेंट में उच्च प्रतिशत के साथ गुणवत्तापूर्ण प्लेसमेंट विश्वविद्यालय की पहचान है।स्किल डेवलपमेंट, इंटर्नशिप और नेतृत्व प्रशिक्षण के साथ बुनियादी ढांचा एवं संसाधन में
आधुनिक प्रयोगशालाएं, डिजिटल पुस्तकालय और आईटी सुविधाएं शामिल हैं। ग्रीन कैंपस और अत्याधुनिक अकादमिक ब्लॉक्स मैं कक्षाएं संचालित है
सामाजिक योगदान एवं समावेशन में ग्रामीण विकास, सामुदायिक सेवा और सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम विश्वविद्यालय की गतिविधियों में शामिल है। वंचित वर्गों के लिए छात्रवृत्ति और अवसर उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा है एकेएस की अकादमिक जगत और उद्योग में इंडस्ट्री अकैडमी इंटरेक्शन सशक्त पहचान है। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ शैक्षणिक सहयोग भी शामिल है। छात्र उपलब्धियां और प्रभाव को बात करें तो एकेएस विश्वविद्यालय के छात्रों ने हाल के वर्षों में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक, इंटरनेशनल रिसर्च कॉन्फ्रेंसेस में पेपर प्रेजेंटेशन, और स्टार्टअप इनक्यूबेशन प्रोजेक्ट्स में शानदार प्रदर्शन किया है। यही वजह है कि विश्वविद्यालय ने न केवल शिक्षा, बल्कि रोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में भी मजबूत पहचान बनाई है।
प्रो चांसलर अनंत कुमार सोनी ने बताया कि यह उपलब्धि हमारी टीमवर्क, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शोध-उन्मुख दृष्टिकोण का परिणाम है। विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर अनंत कुमार सोनी ने कहा कि हमारा लक्ष्य आने वाले वर्षों में एकेएस विश्वविद्यालय को वैश्विक स्तर पर शीर्ष श्रेणी में पहुंचाना है ।यह रैंकिंग बताती है कि एकेएस विश्वविद्यालय भविष्य के लीडर्स, शोधकर्ताओं और नवोन्मेषकों का निर्माण केंद्र है। यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री बी.पी.सोनी, कुलपति प्रो. वी.ए.चोपड़े, प्रतिकूलपति डॉ. हर्षवर्धन प्रो.आर.एस.त्रिपाठी और विश्वविद्यालय के सभी संकाय के डीन,डायरेक्टर्स और फैकल्टी मेंबर्स ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

# वोट की पवित्रता बचाने के लिए प्रदेशभर में पुतला दहन और रीवा से वोट सत्याग्रह का आगाज़ : जीतू पटवारी



**भोपाल ।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी ने आज प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के संविधान की सबसे बड़ी ताकत जनता का वोट का अधिकार है। यही अधिकार लोकतंत्र की नींव है और इसी से जनता अपने प्रतिनिधि और सरकार चुनती है। जब इस पवित्र अधिकार के साथ छेड़छाड़ होती है, तो यह केवल राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि देश के संविधान और लोकतांत्रिक आस्था पर सीधा हमला है।
श्री पटवारी ने बताया कि आज देश के लगभग 300 सांसद, आदरणीय राहुल गांधी जी और आदरणीय मल्लिकार्जुन खड़गे जी के नेतृत्व में, तमाम विपक्षी दलों के प्रमुख नेताओं के साथ मिलकर वोट चोरी और चुनाव आयोग की पक्षपाती भूमिका के खिलाफ चुनाव आयोग से मिलने गए थे। लेकिन जनता की आवाज उठाने के बजाय, सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंटते हुए सभी सांसदों को गिरफ्तार कर लिया।
**उन्होंने कहा—** राहुल गांधी जी ने बार-बार चुनाव आयोग को सबूत दिए कि वोट की चोरी करके नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया गया।

## साड़ ने एक दर्जन से ऊपर लोगों को किया घायल

**सिंगरौली।** कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के समीपी कचनी में एक साड़ इन दिनों आतंक मचाएं हुये हैं। पिछले एक पखवाड़े के दौरान दर्जन भर से अधिक लोगों पर जानलेवा हमला कर चुका है। साड़ के इस आतंक से कचनी वासी दहशत में रहते हैं। वही उसे देख घरों के दरबाजों को बंद करने में विवश हैं। दरअसल पिछले एक पखवाड़े के पूर्व से कचनी मोहल्ले में एक साड़ आतंक मचा कर रखा है। आलम यह है कि सुबह से लेकर शाम तक कचनी के शगुन गार्डन के पीछे डेरा जमाए हुये हैं। जहां 24 घंटा वही अपना ठिकाना बनाये हुये रखा है और इस दौरान पैदल एवं स्थानीय निवासियों को आते-जाते देख हमला बोल देता है। यहां के रहवासी श्रीकांत द्विवेदी बताते हैं कि साड़ का आतंक इस कदर है कि अब तक करीब एक दर्जन से अधिक जिसमें हंशलाल कुशवाहा कचनी, छोटे गोस्वामी, लल्लू कुशवाहा समेत कई लोगों को निशाना बनाकर जानलेवा हमला कर चुका है। जिनका ईलाज बैढ़न के निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। वही शनिवार की शाम एक अंधे व्यक्ति पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# भारतीय सामान हमारा स्वाभिमान कैट स्वदेशी अपनाओ भारत बनाओं



सतना -देश के व्यापारियों की शीर्ष संस्था कन्फेडरेशन आफ आल इंडिया टेंडर्स कैट द्वारा स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने पूरे देश में आंदोलन किया जा रहा है।
कैट के प्रदेश सचिव अशोक दौलतानी जिलाध्यक्ष मनोहर वाधवानी और महामंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि इसकी शुरुआत जबरदस्त तरीके से देशभर में की गई है जो जनचेतना जनजागृति के माध्यम से आमजन, व्यापारियों व उघमियो तक पहुचांई जाएगी।इस अभियान का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देना है भारतीय उत्पाद की गुणवत्ता विश्व स्तरीय और कीमत भी वाजिब है। भारतीय सामान हमारा स्वाभिमान का निर्णय दिल्ली में हुई कार्यकारिणी लिया गया था। इसी के तहत देश भर में यह अभियान चलाया जा रहा है। रेडीमेड वस्त्र व्यापारी संघ के अध्यक्ष अशोक वाधवानी ने कहा कि विदेशी कंपनियों के अनुचित व्यापारिक नीतियों से छोटा व्यापारी परेशान हो रहा है। सतना मोटर ट्रासंपोर्ट के अध्यक्ष मनोज शर्मा का मानना है कि अब वक्त आ गया है कि हम भारतीय सामान का ही इस्तेमाल करें।

# मझगवां में बदहाली के खिलाफ गांधीवादी विरोध, 7 दिन में सुधार न हुआ तो पंचायत भवन का घेराव



**मझगवां ।** मझगवां कस्बे में व्याप्त समस्याओं—पेयजल संकट, खराब सड़कें, जलभराव, अंधेरी गलियां और ग्राम पंचायत की लापरवाही—के खिलाफ निवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। सोमवार को उप सरपंच राजू सौदागर और समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में कस्बे के समाजसेवी नवनीत गुप्ता, लकी साहू, अभिषेक सिंह, विजय सोनी, विनोद कुशवाहा, राहुल प्रजापति, पप्पू सौदागर, बिहारी सिंह, आधा सैकड़ा भर लोगों ने गांधीवादी तरीके से सड़कों पर सफाई कर विरोध दर्ज किया। साथ ही, प्रशासन को 7 दिन का अल्टीमेटम दिया गया कि यदि समस्याओं का समाधान न हुआ तो पंचायत भवन का घेराव और उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

### समस्याओं का अंबार, जनता त्रस्त

मझगवां कस्बा लंबे समय से कई समस्याओं से जूझ रहा है। टूटी पाइपलाइनों के कारण स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति ठप है, जिससे निवासियों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। सतना-चित्रकूट मार्ग की सड़कें गड्ढों और जलभराव से बदहाल हैं, जिसके चलते रोजाना दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। रात में अधिकांश स्ट्रीट लाइटें खराब होने से अंधेरा छाया रहता है।

# कानपुर में भाई बहन की हत्या करने के बाद सतना शहर के होटल के कमरे में आरोपी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या




सतना। सेमरिया चौक स्थित होटल के कमरा नंबर 27 में युवक का शव फांसी पर लटका मिला है। दरवाजा तोड़कर दाखिल हुई पुलिस। मृतक की पहचान आकाश विश्वकर्मा निवासी कानपुर के रूप में की गई है। मृतक ने कानपुर में किन्नर काजल व उसके 12 वर्षीय ममेरे भाई देव की हत्या कर हो गया था फरार। किन्नर ब्लैकमेलिंग से था परेशान मृतक आकाश। पुलिस की जांच में पता चला है कि काजल खुद को किन्नर कहलाना पसंद नहीं करती थी। इसलिए उसने लड़की बनने के लिए मुंबई के अस्पताल में 5 लाख में चेहरे की सर्जरी भी कराई थी। भाई बहन की हत्या के मामले में काजल की मां गुड्डी ने तीन करीबियों आलोक उर्फ गोलू, आकाश और हेमराज उर्फ अजय पर हत्या का आरोप लगा हनुमंत विहार थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। पुलिस को जांच में पता चला है कि काजल का पूर्व प्रेमी आलोक है जबकि इन दिनों आकाश उसके साथ रहता था। वहीं उसकी किन्नर साथी देविका का प्रेमी हेमराज भी इन दिनों काजल से नजदीकियां बढ़ाने की कोशिश कर रहा था। लेकिन बताया कि आकाश के साथ ही काजल नौबस्ता में एक प्लॉट खरीदने के लिए पांच लाख रुपये बयाना देकर आई थी। वो किसी भी कीमत में आकाश को छोड़ना नहीं चाहती थी। और आकाश ने पीछा छुड़ाने के लिए भाई बहन की हत्या कर दी।

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक



सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की तैयारी, सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों सहित विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन,नगर निगम आयुक्त श्री शेर सिंह मीना,सहायक कलेक्टर श्री अनिकेत शांडिल्य, प्रभारी अपर कलेक्टर श्री सुधीर बैक, डिप्टी कलेक्टर श्री एल आर जांगड़े,श्री बीके मिश्रा,एसडीएम श्री राहुल सिलाडिया, श्री आरएन खरे, श्री सोमेश द्विवेदी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# रक्षाबंधन पर्व पर विधायक अरविंद पटेरिया ने बहनों से बंधवाई राखी



**खजुराहो।** राजनगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों की बड़ी संख्या में बहने पहुंची खजुराहो के फैसिलिटी सेंटर में कार्यक्रम आयोजित किया गया रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया। इस दौरान विधायक पटेरिया ने हजारों की संख्या में बहनों से राखी बंधवाकर उनके प्रति स्नेह और सम्मान व्यक्त किया।
कार्यक्रम में बहनों ने विधायक को राखी बांधते हुए उनके दीर्घायु और क्षेत्र की तरक्की की कामना की।
विधायक श्री पटैरिया ने बहनों से कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक दिन पहले ही बहनों के खाते में 1250 रूपए और 250 रूपए अतिरिक्त राखी के त्यौहार के लिए डाले हैं और दीवाली से सभी बहनों के खाते में यह राशि बढ़कर 1500 रूपए आने लगेगी। इसी तरह यह राशि एक-दो साल में 3000 रूपए तक पहुंच जाएगी जिससे बहनें आत्मनिर्भर होकर रह सकेंगी। प्रदेश सरकार बहनों को सशक्त बनाने का भरसक प्रयास कर रही है। विधायक ने बहनों को उपहार के रूप में साडियां भेंट की जिसमें उनके चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई और उनकी रक्षा का वचन दिया।
उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश सरकार के योजनाओं के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं पर कार्य कर रही है, ताकि समाज के हर वर्ग को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने ग्राम पंचायत में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए भी आश्वासन दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या हजारों की संख्या में बहने उपस्थित रहीं एवं भाई-बहन,
इस वसर में चारों भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी , राजनगर नगर परिषद अध्यक्ष जीतू बर्मा नगर परिषद उपाध्यक्ष बिट्टी बाई पाल जनप्रतिनिधि बहादुर पाल, संदीप अग्रवाल, मुकेश कुमार पाण्डेय,धवाडं सचिव संजय मिश्रा , गौरव अग्रवाल, कमलेश उपाध्याय, रामगोपाल शर्मा, जिला पंचायत सदस्य पप्पू पाल राजनगर जनपद पंचायत अध्यक्ष,दिनेश अग्निहोत्री दिदौनियॉ , बमीठा सरपंच सनत मंजू जैन, दीपक शिवहरे, राधे बाबा द्विवेदी, टिकरी बद्री अवस्थी, कल्लू अवस्थी,श्री कांत मिश्रा, हर्षवर्धन सिंह राजा, रविंद्र पाठक, पहलाद अवस्थी, शैलेंद्र सिंह यादव, रामेश्वर अहिरवार सहित समस्त पार्षद गण उपस्थित रहें एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सरकारी स्कूल में छात्र के साथ मारपीट का मामला, कान का पर्दा फटने के बाद समझौते की चर्चा

छतरपुर जिले के खजुराहो स्थित शासकीय विद्यालय में कक्षा 12वीं के एक छात्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। परिजनों के मुताबिक, लंच टाइम के दौरान छात्र अपने साथी से बातचीत कर रहा था, तभी एक शिक्षक ने गुस्से में आकर उसे थप्पड़ मार दिया।
थप्पड़ के बाद छात्र को चक्कर आने लगे और सुनने में परेशानी होने लगी। परिजनों का कहना है कि इलाज के दौरान डॉक्टरों ने कान का पर्दा फटने की बात कही। छात्र के पिता ने आरोप लगाया कि उसे तीन दिन तक डर के कारण घर में कुछ भी बताने से रोका गया था।
परिजनों ने स्कूल प्रबंधन से शिकायत की, जिसके बाद स्थानीय स्तर पर दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई। चर्चा है कि परिवार को इलाज के लिए आर्थिक मदद दी गई और मामला सुलझाने का प्रयास किया गया।
मामला अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संज्ञान में आने के बाद खुला। संगठन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि स्कूल में अनुशासन के नाम पर छात्रों के साथ कठोर व्यवहार किया जाता है।
इस पूरे मामले पर स्कूल प्रबंधन का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच सहमति बन रही है और प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।बड़ा सवाल - क्या शिक्षा संस्थानों में अनुशासन कायम करने के लिए हिंसा का सहारा लेना सही है? और क्या ऐसे मामलों में सख्त नियम लागू होने चाहिए?

## 12 वर्षीय किशोर की डूबकर दर्दनाक मौत, खुला कुआं बना हादसे का कारण




बड़ा मलहरा//अनुविभाग अंतर्गत थाना ग्राम पंचायत रामटौरिया में शुक्रवार को 12 वर्षीय अखिलेश अहिरवार की सड़क किनारे पानी से भरे खुले कुएं में डूबकर मौत हो गई। अखिलेश अपने दोस्तों के साथ नहाने गया था, लेकिन गहराई का अंदाजा न होने से डूब गया। परिजन व ग्रामीण उसे निकालकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामटौरिया लाए, जहां डॉक्टर की अनुपस्थिति के चलते शाहगढ़ अस्पताल ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया। घटना से गांव में मातम छा गया। ग्रामीणों ने खुले और असुरक्षित कुओं पर सुरक्षा इंतजाम न होने तथा अस्पताल में डॉक्टरों की स्थायी नियुक्ति न होने पर आक्रोश जताया। उनका कहना है कि समय रहते इलाज मिलता तो किशोर की जान बच सकती थी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी शोक जताते हुए प्रशासन से ऐसे खतरनाक स्थलों पर चेतावनी बोर्ड, रेलिंग और सुरक्षा इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकी जा सकें।

# गढ़ी मलहरा पुलिस ने 4 दिन के अंदर ट्रैक्टर चोर को गिरफ्तार कर ट्रैक्टर कल्टीवेटर सहित किया बरामद




रात्रि थाना गढ़ी मलहरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पृथ्वीपुर में खेत से ट्रैक्टर चोरी संबंधी फरियादी सुवेन्द्र पटेल की रिपोर्ट पर थाना गढ़ी मलहरा में भारतीय न्याय संहिता के तहत चोरी का अपराध पंजीबद्ध किया गया था।
,पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण कर क्षेत्र में भ्रमण करने वाले संदिग्ध की सूचना एकत्र की गई। पन्ना रोड, महोबा रोड छतरपुर रोड सहित इत्यादि रोड में सर्चिंग की गई। मार्गो से गुजरने वाले वाहनों के बारे में जानकारी एकत्र की गई।
पुलिस टीम द्वारा शीघ्र कार्यवाही कर चार दिन के अंदर ट्रैक्टर चोरी करने वाले आरोपी राम सिंह यादव पिता रामस्वरूप यादव निवासी ऊजरा थाना गढ़ी मलहरा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से विधिवत चोरी किया गया पावर ट्रैक कंपनी का ट्रैक्टर एवं कल्टीवेटर कीमत करीब ढाई लाख रुपए बरामद किया गया। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है, अन्य आरोपी की तलाश एवं विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में एसडीओपी नौगांव श्री अमित मेश्राम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गढ़ी मलहरा निरीक्षक रीता सिंह, उप निरीक्षक किशन लाल, प्रधान आरक्षक जनक सिंह, प्रधान आरक्षक बृजेश यादव , आरक्षक दशरथ एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।

## नौगांव बस स्टैंड पर कंडक्टर पर चाकू से हमला, 15 हजार रुपये और मोबाइल लूटकर फरार

छतरपुर – सोमवार सुबह नौगांव बस स्टैंड के प्रतिक्षालय में दो बदमाशों ने एक बस कंडक्टर पर जानलेवा हमला कर लूट की वारदात को अंजाम दिया। घायल की पहचान देवेंद्र यादव (50) पिता पूरनलाल, निवासी आलमपुरा, थाना पलेरा, जिला टीकमगढ़ के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, देवेंद्र यादव ÷राय÷ बस के कंडक्टर हैं, जो छतरपुर से हरपालपुर के बीच चलती है। सुबह करीब 9 बजे वह नौगांव बस स्टैंड के प्रतिक्षालय में बैठे थे, तभी दो अज्ञात बदमाश वहां पहुंचे और सीधे चाकुओं से हमला कर दिया। हमलावर 15 हजार रुपये नकद और मोबाइल छीनकर मौके से फरार हो गए। हमले में देवेंद्र यादव के बाएं हाथ और सीने में गंभीर चोटें आईं। उन्हें निजी वाहन से छतरपुर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

# थाना नौगांव पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान के तहत कांबिंग गश्त में ग्राम मानपुरा अवैध शराब संग्रह पर मारा छापा

### 12 पेटी 108 लीटर अवैध अंग्रेजी एवं देशी शराब जप्त



माननीय मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं नशा मुक्ति अभियान के तहत छतरपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ संग्रह, विक्रय एवं परिवहन करने वालों तथा सार्वजनिक स्थानों में नशाखोरी कर रहे नशाखोरों के विरुद्ध निरंतर सख्त से सख्त कार्यवाही की जा रही है। छतरपुर पुलिस द्वारा विगत महीनों में एनडीपीएस में 78 प्रकरण एवं आबकारी में 2000 से अधिक प्रकरण दर्ज किये गए हैं। 52 कुंतल से अधिक अफीम के पौधे, 1000 किग्रा से अधिक गांजा, 5 सैकड़ा से अधिक शीशी नशीली सिरप, 1100 से अधिक नशीली टैबलेट, 200 से अधिक इंजेक्शन, 16000 लीटर से अधिक अवैध शराब जप्त की गई है।
थाना नौगांव पुलिस को विगत रात्रि कांबिंग गश्त के दौरान ग्राम मानपुरा में अवैध शराब संग्रह की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम ग्राम मानपुरा पहुँची। संदेह के आधार पर संदेही के घर के एक कमरे में विधिवत तलाशी लेने पर अवैध शराब पाई गई। अवैध अंग्रेजी एवं देशी शराब 12 पेटी मात्रा करीब 108 लीटर कीमत करीब 52000 रुपए जप्त कर अवैध संग्रह करने वाला फरार आरोपी कल्लू उर्फ बॉबी राजा उर्फ़ कपूर सिंह निवासी ग्राम मानपुरा के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी की तलाश एवं विवेचना कार्यवाही जारी है।
उक्त कार्यवाही में एसडीओपी नौगांव श्री अमित मेश्राम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नौगांव निरीक्षक सतीश सिंह, उप निरीक्षक एसजे खान, प्रधान आरक्षक गोविंद दास, आरक्षक हरदेव, अरविंद एवं पुलिस टीम की भूमिका रही है।

## राजनगर विधायक अरविन्द पटेरिया ने घूरा स्कूल में किया बाउंड्रीवाल का भूमिपूजन



राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया ने आज पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घूरा में 7 लाख की लागत से बनने जा रही बाउंड्रीवाल का भूमि पूजन किया साथ ही छात्र छात्राओं को निः शुल्क साईकिल वितरण की विधायक अरविन्द पटेरिया ने कहा की आने वाले समय में स्कूल में छात्र छात्राओं की संख्या में बृद्धि को देखते हुए स्कूल की छत पर भी बच्चो के पढ़ाई के लिए 25 लाख रुपय की लागत से निर्माण कराया जायेगा जिससे पढ़ने वालो छात्र छात्राओं को उचित जगह हो सके वही स्कूल में जिन छात्र छात्राओं ने अच्छे मार्क्स लाये है उन्हें अपनी तरफ से 10-10 हजार रुपय इनाम के तोर पे भेट करेगे विधायक अरविन्द पटेरिया ने बच्चो की शिक्षा के मार्ग को सुगन बनाने और उनके उज्वल भविष्य के लिए हर संभव सरकार के द्वारा प्रयास किये जायेगे वही स्कूल की छात्र छात्राओं ने स्वागत गीत और रंगा रंग कार्यक्रम भी किये इस मोके पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और स्कूल का स्टाफ शामिल रहा

# अलीपुरा पुलिस ने कांबिंग गश्त के दौरान ग्राम बड़ागांव से अवैध देशी कट्टा सहित आरोपी को किया गिरफ्तार



छतरपुर पुलिस द्वारा अवैध हथियार के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है, अवैध हथियार जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। हथियारों के स्रोत संबंधी जानकारी एकत्र कर संलिप्त अपराधियों की धर पकड़ की जा रही है।
विगत दिनों में छतरपुर जिले में करीब 385 से अधिक आरोपी अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किए गए हैं। जिसमें अवैध हथियार निर्माण फैक्टरियों में छापामार कार्यवाही भी है। थाना अलीपुरा पुलिस को विगत रात्रि कांबिंग गश्त के दौरान ग्राम बड़ागांव में सड़क में अवैध हथियार सहित संदिग्ध की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम ग्राम बड़ागांव पहुंची। पुलिस को देखकर संदेही ने भगाने का प्रयास किया, घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर अवैध देशी 12 बोर का कट्टा व कारतूस बरामद किया गया। आरोपी सत्येंद्र यादव पिता अमर सिंह यादव निवासी ग्राम जोरन थाना अलीपुरा को गिरफ्तार कर आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विधिवत कार्यवाही की गई, विवेचना कार्यवाही जारी है। अवैध हथियार के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है।
उक्त कार्यवाही में एसडीओपी नौगांव श्री अमित मेश्राम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अलीपुरा उप निरीक्षक डीडी शाक्य, सहायक उप निरीक्षक हरिश्चंद्र, प्रधान आरक्षक जितेंद्र, प्रधान आरक्षक रमन, आरक्षक रामदास , ब्रजपाल , धर्मेंद्र , अनुरुद्ध, अरविंद, श्यामसुंदर महिला आरक्षक अंजलि की भूमिका रही।

# विकास और पर्यावरण संरक्षण की योजनाओं में सामंजस्य आवश्यक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## योजनाबद्ध प्रयासों से होगा विकास और प्रकृति का संरक्षण, भारत की प्राचीन निर्माण परंपराएं इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आज भी मार्गदर्शी

### संरचनात्मक प्रगति के साथ पर्यावरण का संरक्षण भी सुनिश्चित हो - मंत्री राकेश सिंह

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए योजनाबद्ध तरीके से सामंजस्य स्थापित हो, जिससे विकास के साथ प्रकृति भी संरक्षित रहें। भारत की प्राचीन निर्माण परंपराएं आज भी इंजीनियरिंग के क्षेत्र में मार्गदर्शन करती हैं। उन्होंने भोपाल के बड़े तालाब का उदाहरण देते हुए बताया कि यह बिना किसी नदी की मुख्यधारा को रोके, प्राकृतिक चट्टानों के बीच पानी संग्रहित करने की तकनीक से बना था। यह तालाब केवल सजावट की वस्तु नहीं, बल्कि पीने के पानी का स्रोत भी है। इसकी संरचना इस तरह है कि अतिरिक्त पानी स्वतः बाहर निकल जाता है और संरचना की लागत भी कम रहती है। आज सड़क निर्माण में वन्यजीव संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पुलों के नीचे अंडरपास बनाए जा रहे हैं, जिससे बाघ और अन्य जानवर सुरक्षित रूप से गुजर सकें और यातायात भी प्रभावित न हो। यह केवल तकनीक नहीं, बल्कि प्रकृति और विकास के बीच संतुलन की मिसाल है। वर्तमान समय में निर्माण सामग्री की मात्रा, डिज़ाइन की गुणवत्ता और लागत-प्रभावशीलता पर पर्याप्त ध्यान देने की आवश्यकता है। निर्माण में मात्रा से ज्यादा महत्व गुणवत्ता का है। अभियंता वह है जो विज्ञान, गणित और तकनीक, इन तीनों में समान दक्षता रखते हुए उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोक निर्माण विभाग के ध्येय ÷लोक निर्माण से लोक कल्याण÷ को साकार करने की दिशा में 'पर्यावरण से समन्वय' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी-सह प्रशिक्षण कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर ये विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रवीन्द्र भवन में दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के आरंभ में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम और राष्ट्रगान जन गण मन का सामूहिक गान हुआ। इस अवसर पर लोक निर्माण ने पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता पर केन्द्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया।

### ऐसे निर्माण करें जो आने वाली पीढ़ियों के लिए उपयोगी हों

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमें ऐसे निर्माण करने चाहिए, जिन पर हमें स्वयं गर्व हो और जो आने वाली पीढ़ियों के लिए उपयोगी हों। विभागीय दायरे और नियमों के भीतर रहते हुए भी अभियंताओं को रचनात्मक सोच से समाधान खोजने होंगे, जिससे परियोजनाएं गुणवत्ता, लागत और पर्यावरण ङ्क तीनों मानकों पर श्रेष्ठ साबित हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह को 'पर्यावरण से समन्वय' पर कार्यशाला आयोजन की पहल के लिए बधाई दी और विश्वास जताया कि इस तरह की कार्यशालाएं न केवल तकनीकी ज्ञान बढ़ाने में सहायक होंगी, बल्कि विभाग की कार्यप्रणाली में भी सकारात्मक बदलाव लाएंगी। उन्होंने



कहा कि यह संकल्प सिर्फ तकनीकी प्रशिक्षण का नहीं, बल्कि हमारे मन की स्वच्छता, धैर्य और निष्ठा का प्रतीक है, जो सुनिश्चित करेगा कि हम विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी भी पूरी निष्ठा से निभाएं।

### विकास की गाड़ी कभी भी पर्यावरण की पटरी से नहीं उतरेगी

लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि संभवतः यह पहली बार है जब मध्यप्रदेश के सभी अभियंता प्रत्यक्ष और वर्चुअल माध्यम से एक साथ जुड़े हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का विशेष रूप से आभार मानते हुए कहा कि उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि प्रदेश में विकास की गाड़ी कभी भी पर्यावरण की पटरी से नहीं उतरेगी। श्री सिंह ने कहा कि विकास का वास्तविक अर्थ तभी है जब संरचनात्मक प्रगति के साथ पर्यावरण का संरक्षण भी सुनिश्चित हो। हमारे पूर्वजों ने संरचनाओं का संरक्षण इस प्रकार किया कि आने वाली पीढ़ियों को भी उनका लाभ मिला। उन्होंने उदाहरण दिया कि त्रिची के पास 2000 वर्ष पुराना अनय कट्टू बांध आज भी कार्यरत है, जो भारतीय अभियंताओं की अद्भुत क्षमता का प्रमाण है। इसी तरह मोहन जोदाड़ो से प्राप्त 7000 वर्ष पुरानी ईंटों का उपयोग अंग्रेजों के समय रेल पटरियों के नीचे आधार के रूप में किया गया और वे कई दशकों तक मजबूती से टिकी रहीं। उन्होंने कहा कि यह परंपरा, यह कौशल और यह दृष्टि हमारे संस्कारों में है, जिसे वर्तमान में और भी मजबूत करना होगा।

### सड़क के गड्ढों की मरम्मत की समय-सीमा 7 दिन से घटाकर 4 दिन की जाएगी

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के अभियंताओं को अन्य राज्यों में भेजकर बेहतर तकनीकों का अध्ययन कराया गया। विभाग ने उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निर्माण कार्यों में प्रयुक्त बिटुमिन केवल सरकारी रिफाइनरियों से ही खरीदने का निर्णय लिया है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि लोकपथ मोबाइल ऐप के माध्यम से सड़क मरम्मत व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। पहले गड्ढों की मरम्मत की समय-सीमा 7 दिन थी, जिसे हम शीघ्र ही घटाकर 4 दिन करने का निर्णय कर रहे हैं। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए विभाग ने कई ठोस और प्रभावी कदम उठाए हैं। निर्माण कार्य के लिए निकाली जाने वाली मिट्टी के स्थान पर लोककल्याण सरोवर का निर्माण किया जा रहा है। प्रत्येक किलोमीटर पर ग्राउंड वाटर रीचार्ज बोर बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसी के साथ आज यह संकल्प लिया गया है कि विभाग के सभी भवनों में वर्षा जल संचयन की व्यवस्था की जाएगी, प्रत्येक परिसर को हरियाली से आच्छादित किया जाएगा, विभाग में प्लास्टिक बोतलों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाएगा और सभी कार्यालय भवनों पर सौर ऊर्जा पैनल स्थापित किए जाएंगे। मंत्री श्री सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि अभियंताओं के समर्पण, विभागीय नवाचारों और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन से मध्यप्रदेश का लोक निर्माण विभाग आने वाले समय में नवाचार, गुणवत्ता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में देश में एक अलग और सर्वोच्च पहचान बनाएगा।

### पीएम गति शक्ति ने कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, तेज और प्रभावीशाली बनाया

भास्कराचार्य संस्थान के महानिदेशक श्री टी.पी. सिंह ने प्रधानमंत्री गति शक्ति परियोजना के उद्देश्यों, उपलब्धियों और भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि पीएम गति शक्ति ने विभिन्न विभागों के अलग-अलग डाटा को एकीकृत कर कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, तेज़ और प्रभावी बनाया है। अब किसी भी भू-भाग की स्वामित्व स्थिति, भूमि का प्रकार (सरकारी, निजी, वन, पंचायत आदि) और उससे संबंधित सभी तकनीकी लेयर्स एक क्लिक में उपलब्ध हो जाती हैं। उन्होंने बताया कि पहले विभाग अपने-अपने नक्शे अलग स्केल और फॉर्मेट में बनाते थे, जिससे योजना निर्माण में कठिनाई होती थी, लेकिन अब सभी डेटा-सेट तक पहुंच सुनिश्चित कर एकीकृत प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया गया है। श्री सिंह ने प्रधानमंत्री गतिशक्ति परियोजना विकसित करने में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन के महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख भी किया।

महानिदेशक श्री सिंह ने कहा कि इस परियोजना में जियोस्पेशल टेक्नोलॉजी, आईटी, स्पेस टेक्नोलॉजी, मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को एक साथ जोड़ा गया है। सभी सॉफ्टवेयर और टूल्स मध्यप्रदेश में ही विकसित किए जा रहे हैं, जिससे समय और लागत की बचत के साथ राज्य की तकनीकी क्षमता भी बढ़ी है। एनओसी और अप्रूवल प्रक्रियाओं को फेसलेस और तेज़ बनाने के लिए आवश्यक सॉफ्टवेयर लगभग तैयार हैं, जिनका प्रयोग कुछ राज्यों में प्रारंभ भी हो चुका है। श्री सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश में पीएम गति शक्ति को बढ़ावा देने में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह के सही अलाइनमेंट, पारदर्शिता के प्रति प्रतिबद्धता और पर्यावरण पर ध्यान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### अभियंता केवल तकनीकी निर्माणकर्ता नहीं, विकास के मार्गदर्शक भी

अखिल भारतीय संयोजक एवं पर्यावरणविद् श्री गोपाल आर्य ने कार्यशाला में कहा कि 'पर्यावरण से समन्वय' विषय पर आयोजित यह कार्यक्रम न केवल मध्यप्रदेश में, बल्कि संभवतः पूरे देश में अपनी तरह का पहला प्रयास है, जो आने वाले समय में एक नया ट्रेंड स्थापित करेगा। उन्होंने स्वयं को भी अभियंता बताते हुए कहा कि किसी भी देश के विकास के लिए विश्वस्तरीय अधोसंरचना का होना अनिवार्य है, परंतु यह विकास पर्यावरण के संतुलन के साथ आगे बढ़ने पर ही सार्थक होगा। उन्होंने कहा कि अभियंता केवल तकनीकी निर्माणकर्ता नहीं, बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए विकास के मार्गदर्शक होते हैं। यदि किसी देश को विकासशील से विकसित राष्ट्र बनना है, तो उसका इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत और पर्यावरण-अनुकूल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेड़ों की कमी से कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषण घटेगा, जिससे ग्रीन हाउस गैसें बढ़ेंगी, ओजोन परत को नुकसान होगा, ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याएं गहराएंगी। श्री आर्य ने एक मार्मिक कहानी के माध्यम से समझाया कि प्रकृति हमें जीवनभर निःशुल्क वायु, जल और अन्य संसाधन देती है, परंतु हममें से अधिकांश लोग कभी उसे लौटाने के बारे में नहीं सोचते। उन्होंने वृक्षारोपण को केवल अभियान नहीं, बल्कि सात पीढ़ियों के लिए जीवन बीमा बताया, जो निरंतर ऑक्सीजन, आश्रय और संसाधन प्रदान करता है। उन्होंने जैव विविधता, जल संरक्षण और प्लास्टिक का उपयोग कम करने की दिशा में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता बताई। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव श्री सुखवीर सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की एवं प्रबंध संचालक एमपीआरडीसी श्री भरत यादव द्वारा आभार प्रदर्शित किया।

### तकनीकी सत्र में पीएम गति शक्ति योजना एवं आधुनिक व पर्यावरण अनुकूल तकनीको पर दी गई जानकारी

संगोष्ठी के दूसरे सत्र में भास्कराचार्य संस्थान के महानिदेशक श्री टी.पी. सिंह के साथ पीएम गति शक्ति योजना पर प्रश्न-उत्तर सत्र आयोजित हुआ। इस दौरान विभाग के लिए विकसित मोबाइल ऐप, जीआईएस पोर्टल, लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम और इंटीग्रेशन सॉल्यूशंस पर विशेषज्ञों ने प्रस्तुतीकरण दिया। इन डिजिटल नवाचारों से योजना, मॉनिटरिंग, रिपोर्टिंग और संसाधन प्रबंधन में पारदर्शिता व दक्षता में वृद्धि होगी। कार्यशाला में प्रदेशभर के लगभग 1700 अभियंता प्रत्यक्ष एवं वर्चुअल रूप से शामिल हुए।

---

## पी.एम. आवास योजना की किश्तों का दुरूपयोग करने वाले हितग्राहियों पर होगी कार्रवाई

### सम्पत्ति कुर्क कर राशि की कि जायेगी हितग्राहियों से वसूली

जबलपुर। शासन के निर्देशानुसार पी.एम. आवास योजना के अंतर्गत राशि प्राप्त कर निर्माण न करने वाले तथा उसका दुरूपयोग करने वाले हितग्राहियों के विरूद्ध अब कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इस संबंध में योजना के नोडल अधिकारी सुनील दुबे ने बताया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के बी.एल.सी. घटक के अंतर्गत स्व-आवास निर्माण हेतु हितग्राहियों को उनके खातों में राशि किश्तों में प्रदाय की जाती है। इस राशि से हितग्राही को स्वयं ही आवासों का निर्माण कराना होता हैं। परन्तु शिकायतें प्राप्त हो रहीं है कि हितग्राही पी.एम. आवास योजना की किश्तों से आवास निर्माण न कराकर राशि का अन्य चिजों में व्यय किया गया है, जो न्यायोजित नहीं है। उन्होंने बताया कि इसकी जॉच की जा रही है और जॉच उपरांत ऐसे सभी हितग्राहियों की सूची तैयार कर उनके विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। श्री दुबे ने बताया कि हितग्राहियों की सम्पत्तियों को कुर्क कर राशि की वसूली की जायेगी।

## बाजार क्षेत्र के प्रतिष्ठानों के कूलरों की जॉच की गयी : कूलरों में पाया गया लार्वा

### 3 के खिलाफ लार्वा विनिष्टिकरण की कार्रवाई कर लगाया 12 हजार रुपये का स्पॉट फाइन



**जबलपुर।** निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत् शहर के सभी क्षेत्रों के साथ साथ बाजार क्षेत्रों में लगे कूलरों का निरीक्षण किया जा रहा है, इसके साथ साथ बड़े छोटे नाला नालियों जहॉ लार्वा पाये जाने की संभावना रहती है वहॉ का भी सघन रूप से जॉच की जा रही है और जहॉ भी लार्वा पाया जाता है वहॉ दवाईयों का छिड़काव कराकर विनिष्टिकरण करने का कार्य किया जा रहा है।

आज स्वास्थ्य विभाग ने संभाग 15 अन्तर्गत बाजार क्षेत्रों के प्रतिष्ठानों के कूलरों की जॉच की गई। जांच टीम के सदस्यों ने बताया कि संभाग क्रमांक 15 के अंतर्गत बाजार क्षेत्रों के 3 प्रतिष्ठानों के कूलरों में लार्वा पाया गया, जिसके कारण मौके पर ही तीनों प्रतिष्ठानों के विरूद्ध स्पॉट फाइन की कार्यवाही कर 12 हजार रूपये की राशि वसूल की गयी। टीम के सदस्यां में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र राज, स्वास्थ निरीक्षक अनंत दुबे एवं संभाग 15 की स्वच्छता टीम आदि उपस्थित रहे।

## जबलपुर, रीवा, सागर संभाग में बारिश का अलर्ट, उज्जैन में बारिश के लिए गांव के पटेल को गधे पर बिठाया

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** एमपी के जबलपुर, रीवा व सागर संभाग के 10 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। ट्रफ लाइन की एक्टिविटी होने से यहां तेज बारिश हो सकती है। वहीं भोपाल इंदौर व उज्जैन में मौसम साफ रहेगा। यहां तेज धूप खिली रहेगी।

मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे के दौरान पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, मैहर, कटनी, जबलपुरए सिवनी व बालाघाट में तेज बारिश होगी। वहीं दूसरी ओर उज्जैन क्षेत्र में 15 दिन से बारिश नहीं होने के कारण ग्रामीण टोटके कर अच्छी बारिश की कामना कर रहे हैं। उन्हेल गांव में युवक को गधे पर उल्टा बैठाकर श्मशान में पांच बार घुमाया गया। ग्रामीणों की मान्यता है कि इस



अनोखी परंपरा से जल्द ही बारिश होती है। मध्यप्रदेश के कई जिलों में पिछले 24 घंटे के दौरान बारिश हुई। छतरपुर के खजुराहो में सबसे ज्यादा 3।4 इंच पानी गिर गया। सागर में 2।4 इंच, खंडवा में 2 इंच, नरसिंहपुर-दमोह में डेढ़ इंच बारिश दर्ज की गई। भोपाल, उमरिया, उज्जैन, नर्मदापुरम, श्योपुर, सीधी, सीहोर, बड़वानी, शाजापुर, देवास सहित कई जिलों में पानी गिरा।

### दो दिन बाद बनेगा नया सिस्टम-

बंगाल की खाड़ी में 13 अगस्त से लो प्रेशर एरिया एक्टिव होगा। इससे पूरे प्रदेश में फिर से तेज बारिश का दौर शुरू होगा। अभी कुछ ही जिलों में बारिश हो रही है। अगले 3 दिन तक कई जिलों में भारी बारिश होगी। 13-14 अगस्त से बारिश की एक्टिविटी तेज होगी।

### दूसरे सप्ताह में ही तेज बारिश की संभावना-

मौसम विशेषज्ञों की माने तो अगस्त के दूसरे सप्ताह में तेज बारिश का दौर शुरू होगा जो आखिरी तक चलता रहेगा। ऐसे में बारिश का कोटा अगस्त में ही पूरा हो जाएगा। हालांकि अब तक ग्वालियर सहित 10 जिलों में कोटा पूरा हो चुका है। लेकिन इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों की तस्वीर बेहतर नहीं है। वहीं पूर्वी हिस्से जबलपुर, सागर, शहडोल व रीवा संभाग में औसत से 37 प्रतिशत व पश्चिमी हिस्से भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल व नर्मदापुरम संभाग में 25 प्रतिशत बारिश अधिक हुई है।

---

## बगदरी वॉटर फॉल में डूबा युवक



### दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया था

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** जबलपुर में पाटन स्थित बगदरी वॉटरफॉल में आज एक युवक साहिल केवट गहराई में जाकर डूब गया। साहिल को डूबते देख साथियों में चीख पुकार मच गई। खबर मिलते ही पाटन पुलिस व एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। युवक की तलाश की लेकिन उसका पता नहीं चल सका।

पुलिस के अनुसार हनुमानताल क्षेत्र में रहने वाला युवक साहिल केवट उम्र 19 वर्ष अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के लिए बगदरी वॉटर फॉल गया था। आसपास क्षेत्र में घूमने के बाद सभी दोस्त नहाने के लिए पानी में उतर गए। नहाते नहाते साहिल गहरे पानी में जाकर डूबने लगा, दोस्तों ने देखा तो मदद के लिए शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए, जिनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने एसडीईआरएफ की मदद से साहिल की तलाश कराई लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। घटना की खबर मिलते ही परिजनों सहित अन्य रिश्तेदार भी पहुंच गए थे, जिन्होने पूछताछ में साहिल प्राइवेट जॉब करता है, छुट्टी का दिन होने के कारण दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के लिए आ गया था।

### बगदरी फॉल में 2014 में हुआ था बड़ा हादसा-

गौरतलब है कि बगदरी वॉटर फॉल में वर्ष 2014 में बड़ा हादसा हो चुका है, यहां पर हनुमानताल क्षेत्र के ही परिवारों के लोग हादसे का शिकार हो गए थे। जिसमे 8 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें बच्चे भी शामिल रहे। हालांकि सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने सावधानी और पानी से दूरी बनाए रखने की सलाह भी दे रखी है। फिर भी पर लोग इसका पालन नहीं करते हैं। जिसके चलते हादसे होते है।

## कट्टे के साथ बदमाश को दबोचा, दो चोरों को वारदात के पहले पकड़ा

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** मुख्य रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म के आउटर पर लूट करने के इरादे से बैठे तीन आरोपितों को जीआरपी ने दबोच लिया। पकड़े गए आरोपितों के पास से एक देसी कट्टा सहित तीन चोरी के मोबाइल प्राप्त हुए हैं। जीआरपी को मुखबिर से सूचना मिली कि, इटारसी एण्ड के आउटर पर तीन लड़के अंधेरे में बैठकर यात्री ट्रेन में लूट करने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही जीआरपी थाना जबलपुर की प्रभारी सब इंस्पेक्टर संजीवनी राजपूत ने तुरंत बल को मौके पर रवाना किया, जहां तीन लड़के बैठे हुए मिल गए। तलाशी लेने पर उनके पास से एक देसी कट्टा तथा चोरी के तीन मोबाइल मिले।

तीनों आरोपितों को थाना लाकर पूछताछ की गई जिसमें



एक ने अपना नाम कृष्णा लोधी उम्र 20 वर्ष तथा दूसरे ने अपना नाम नितिन गौतम उम्र 20 वर्ष दोनों जिला उमरिया निवासी होना बताया। पकड़े गए तीनों आरोपितों में एक नाबालिग है। प्रभारी ने बताया कि आज तीनों को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का लिया जायजा



**जबलपुर/प्रतिनिधि।** कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना ने आज पुलिस परेड ग्राउंड पहुंच कर स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।उन्होंने अधिकारियों से कहा कि स्वतंत्रता का उत्सव 15 अगस्त को भव्य और गरिमा के साथ मनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्व सुनिश्चित करें।

## सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें- कलेक्टर

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में आज लंबित पत्र की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गोड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।



बैठक में कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के साथ अन्य लंबित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें। विशेष रूप से 50 दिन से ऊपर की लंबित प्रकरणों की निराकरण के संबंध में ध्यान केंद्रित करें।इस दौरान उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही कहा कि ÷हर घर तिरंगा, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग÷ की थीम पर गतिविधियां आयोजित करें। इसके अलावा उन्होंने 15 अगस्त की तैयारी की समीक्षा कर स्वतंत्रता दिवस को गरिमामय रूप से मनाने को कहा।

## सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष के निर्देशों के परिपालन में जीवन बचाने को लेकर बैठक संपन्न

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री अभय मनोहर सप्रे द्वारा जीवन की सुरक्षा के लिए दिये गये निर्देशों के परिपालन में आज कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक सिहोरा श्री संतोष बरकड़े, पेट्रोल पम्प संचालक, शहर के गणमान्य नागरिक तथा पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे।



बैठक में जीवन की सुरक्षा को लेकर सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर गहन चर्चा की गई और इसे प्रभावी रूप से लागू करने के सुझाव भी लिये गये।

जिसमें सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कहा गया कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ पालन कराना जरूरी है। इसके लिए हेलमेट पहनने की आदत को बढ़ावा दिया जाये। सीट बेल्ट लगाने के संबंध में जागरूकता लाई जाये। शराब पीकर वाहन चलाने वालों तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाये।

वाहनों की फिटनेस की निरंतर चेकिंग की जाये। ड्राइविंग टेस्ट में भी सख्ती बरती जाये। वाहनों का बीमा अनिवार्य रूप से कराया जाये। वाहनों की ओव्हरलोडिंग को रोकने के लिये विशेष प्रयास किये जायें। गड्ढों की तुरंत मरम्मत करवायी जाये। मानक स्पीड में वाहन नहीं चलाने वालों के विरूद्ध यातायात पुलिस सख्ती से कार्रवाई करें।

उपस्थित लोगों ने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास से सड़क सुरक्षा के संबंध में जन जागरूकता लाकर लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। हेलमेट व सीटबेल्ट लगाने, मानक स्पीड में वाहन चलाने, शराब पीकर वाहन न चलाने के संबंध में लोगों को समझाया जाये, रोको टोको अभियान चलाया जाये, इस संबंध में रैलियां निकाली जाये। पेट्रोल पम्प संचालक हेलमेट पहने व्यक्ति को ही पेट्रोल दें और दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में कार्य करें। लोगों के जीवन बचाने का कार्य सिर्फ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों पर ही न छोड़े बल्कि समाज इसमें अपनी सहभागिता निभाये। ब्लैक स्पॉटों में रम्बल स्ट्रिप्ट बनाये जायें और सामाजिक संगठनों का सहयोग लिया जाये। वाहनों में रोड सेफ्टी को लेकर स्टीकर लगवायें। वाहन चलाते समय क्या करना चाहिए तथा क्या नहीं करना चाहिए के संबंध में जन जागरूकता लानी चाहिए।

इस दौरान विधायक श्री बरकड़े ने कहा कि सड़क सुरक्षा बड़ा ही संवेदनशील विषय है। उन्होंने कहा कि कई दर्दनाक घटनाएं होते लोगों ने देखें है, सुने हैं और कुछ लोग उनसे सीखें भी हैं। फिर भी कभी-कभी सड़क दुर्घटना जैसी घटना हो जाती है और जीवन ही समाप्त हो जाता है। अत~ हमारी जिम्मेदारी है कि लोगों की जिंदगी बचायें। उन्होंने कहा कि वे कभी भी हेलमेट को लेकर पुलिस या थानों में फोन नहीं करते हैं, इसलिये लोग अपनी जीवन की सुरक्षा स्वयं करने का प्रयास करें। पुलिस भी उनके जीवन की रक्षा के लिए आवश्यक उपाय कर सकती है।

कलेक्टर श्री सक्सेना ने भी गंभीरता से कहा कि जीवन अमूल्य है और इसे बचाने की दिशा में सभी को आगे आकर कार्य करना चाहिए और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक वातावरण का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे सामाजिक संगठनों व एनजीओ के साथ मिलकर इस दिशा में बेहतर कार्ययोजना पर कार्य करेंगे, जिससे लोगों का जीवन सुरक्षति रह सके। पुलिस अधीक्षक श्री संपत उपाध्याय ने कहा कि सड़क सुरक्षा के संबंध में लोगों की आदत बदलने की जरूरत है और इसमें समाज की महती भूमिका होती है। जीवन बचाने के लिए एक माहौल बनाने की आवश्यकता है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक अंकित शर्मा, संपादक शीलू शर्मा द्वारा जवाहर नगर गाली नं. 10 सतना से प्रकाशित तथा अंकित शर्मा द्वारा कोरल ऑफसेट सतना द्वारा मुद्रीत करवाकर प्रकाशित।
समस्त न्याय क्षेत्र सतना होगा। Mail id : udghoshsamay@gmail.com Mob. 7987290705